खबरों का सच

HAPPY New Year 2024

# दोआबा न्यूज़लाईन

नए साल की अग्रिम शुभकामनाएं

संपादक : सतपाल शर्मा

• जालंधर • पाक्षिक • वर्ष-1 • अंक-17 • 16 दिसंबर से 31 दिसंबर 2023 तक • पृष्ठ संख्या-4 • मूल्य ₹10 • संपर्क : 81465-38987 • www.doabanewsline.com • Title Code : PUNHIN01975




आवश्यकता

दोआबा न्यूज़लाईन समाचारपत्र को पंजाब से पत्रकारों, स्तंभ लेखकों, फोटोग्राफरों, बिजनेस प्रतिनिधियों की तुरन्त आवश्यकता है।

वेतन योग्यतानुसार दिया जाएगा

81465-38987




Nr Guru Nanak Mission Chowk, Pantaloon Basement (Miraze Mall) Bazaar Shaikhan (Nr Phoolan Wala Chowk)

# बोलेरो गाड़ी में वारदातों को अंजाम देने वाले 3 आरोपी काबू, 1 मौके से फरार

• पूजा मेहरा . जालंधर





**जालंधर के पुलिस** कमिश्नर स्वप्न शर्मा के दिशा निर्देशों पर डीसीपी इन्वेस्टिगेशन हरविंदर सिंह विर्क, एडीसीपी इन्वेस्टिगेशन भूपिंदर सिंह, एसीपी डिटेक्टिव परमजीत सिंह की हिदायतों पर क्राइम ब्रांच के इंचार्ज हरविंदर सिंह की टीम ने क्राइम की वारदातों को अंजाम देने के मामले में 3 आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान गुरशरण सिंह उर्फ गोलू पुत्र तिरलोक सिंह निवासी गांव वरियाना, सुनील कुमार उर्फ शीलू पुत्र सोमलाल निवासी गांव वरियाना और लवप्रीत सिंह उर्फ लव पुत्र सोमलाल निवासी गांव वरियाना के रूप में हुई है। हालांकि एक दोषी मौके से फरार हो गया है। जबकि तीन को काबू कर लिया गया है। इनमें से दो सगे भाई हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बोलेरो गाड़ी पीबी 08 ईजी 8147 बरामद करके 20 वारदातों को ट्रेस किया है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस कमिशनर स्वप्न शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उन्होंने नागरा के पास नाकाबंदी की हुई थी। सूचना मिली कि आरोपी सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी में मोबाइल बेचने के लिए शिव नगर फाटक के पास घूम रहे हैं। जिनके पास से तेजधार हथियार और छीने हुए मोबाइल बरामद हो सकते हैं। इस दौरान पुलिस टीम ने शिव नगर फाटक के पास नाकाबंदी की। नाकाबंदी को देखकर आरोपियों ने गाड़ी धीरे करके गाड़ी में से भागने की कोशिश की। इस दौरान भागते समय आरोपियों के चोटें भी लगी। पुलिस ने आरोपियों को काबू कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से 15 मोबाइल, बोलेरो गाड़ी बरामद की है। आरोपियों को घायल अवस्था में उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि 30 वर्षीय गुरशरण सिंह शादीशुदा है, उसके दो बच्चे हैं, दूसरा आरोपी गुरशरण सिंह 10वीं पास है और हेरोइन पीने का आदी है। तीसरा आरोपी 25 वर्षीय लवप्रीत 8वीं पास है और वह वेल्डिंग का काम करता है । आरोपी हेरोइन पीने का भी आदी है। वहीं चौथा आरोपी 27 वर्षीय सुनील कुमार 10वीं पास है। वह ट्रक ड्राइवर का काम करता है और वह भी हेरोइन पीने का आदी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अब तक 20 वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

# सांसद सुशील रिंकू ने किया यह बड़ा काम, शहरवासियों में खुशी की लहर

• सपना ठाकुर . जालंधर





**लोकसभा सदस्य सुशील कुमार रिंकू** की मेहनत उस वक्त रंग लाई जब दिल्ली-अमृतसर वंदे भारत एक्सप्रेस के जारी शेड्यूल में जालंधर स्टॉपेज को भी शामिल किया गया। रेलवे की तरफ से 30 दिसंबर को यह नई ट्रेन शुरू की जा रही है जोकि अब जालंधर में भी रुकेगी। इससे पहले इस ट्रेन को जालंधर में स्टॉपेज नहीं दिए जाने की खबरों के कारण लोगों में काफी निराशा पाई जा रही थी।

**नई वंदे भारत एक्सप्रेस को जालंधर में स्टॉपेज दिलवाने के लिए रेल मंत्री से मिले थे रिंकू :** उल्लेखनीय है कि 20 दिसंबर को सांसद सुशील कुमार रिंकू इस अहम मुद्दे पर केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले थे जिनके सामने उन्होंने पंजाब की प्रमुख औद्योगिक नगरी व एनआरआई हब जालंधर में इस ट्रेन को एक स्टॉपेज देने की मांग रखी थी। नए शेड्यूल के मुताबिक यह ट्रेन सुबह 9:26 पर जालंधर से रवाना होगी और दोपहर 1:50 पर दिल्ली पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में यह ट्रेन दोपहर को 3:15 पर दिल्ली से चलेगी और शाम 7:26 बजे जालंधर पहुंचेगी। यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चला करेगी।

दरअसल सांसद रिंकू ने रेल मंत्री से कहा था कि जालंधर राज्य की प्रमुख औद्योगिक नगरी है,साथ ही एनआरआई हब भी है। इस ट्रेन के जालंधर रुकने से यहां के उद्यमियों, व्यापारियों और एनआरआईज़ को काफी फायदा होगा, जिन्हें जालंधर-नई दिल्ली के बीच इस हाई स्पीड ट्रेन में सफर करने का मौका मिलेगा। इसका फायदा रेलवे को तो होगा ही साथ में लोगों के कीमती समय की भी बचत होगी।

वहीं रिंकू ने पहले से चल रही नई दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस को भी जालंधर में स्टॉपेज देने की मांग रखी है। उन्होंने कहा है कि इस ट्रेन को भी जालंधर में स्टॉपेज देने से जालंधर से माता वैष्णो देवी व जम्मू जाने वाले यात्रियों को काफी फायदा मिलेगा जोकि लगभग आधे समय में वहां पहुंच पाएंगे।

गणतंत्र दिवस परेड झांकी

# भाजपा नेता जाखड़ के दावे को सीएम मान ने दी चुनौती

• दोआबा न्यूज़लाईन . चंडीगढ़



**पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान** ने राज्य की झांकी का इस्तेमाल अपने व्यक्तिगत प्रचार के लिए करने का आरोप लगने के एक दिन बाद चुनौती दी कि यदि भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ यह आरोप साबित कर देते हैं, तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

मान ने जाखड़ के इस दावे को झूठ बताकर खारिज कर दिया कि उनकी सरकार चाहती है कि गणतंत्र दिवस परेड की झांकी पर मान और अरविंद केजरीवाल के फोटो लगे हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाखड़ ने जब यहां बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में ये आरोप लगाए तो वह ऐसे हकला रहे थे जैसे कोई झूठा हकलाता है।

मान ने कहा कि हालांकि, वह जाखड़ के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हैं, जो हाल में भाजपा में शामिल हुए हैं और उन्हें "उन्हें दी गई पटकथा पढ़नी होगी।" जाखड़ ने मान पर गणतंत्र दिवस परेड के लिए राज्य की झांकी के राजनीतिकरण का आरोप लगाया था।

उन्होंने आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने जोर देकर कहा था कि झांकी में उनकी और अरविंद केजरीवाल की तस्वीरें थीं और यही एक कारण था कि इसे गणतंत्र दिवस की परेड से बाहर कर दिया गया। जाखड़ ने कहा, "आप सरकार इस बात पर अड़ी थी कि इस पर केजरीवाल और भगवंत मान की तस्वीरें होनी चाहिए, जिसकी प्रोटोकॉल के मुताबिक अनुमति नहीं है। पंजाब की झांकी को बाहर करने का यह एक कारण था।"

लुधियाना में पत्रकारों से बात करते हुए मान ने कहा, "जाखड़ को सबूत देना चाहिए कि अरविंद केजरीवाल या भगवंत मान की तस्वीरें झांकी पर लगी थीं। क्या वे सोचते हैं कि हम पागल हैं?" मान ने कहा, "अगर जाखड़ यह साबित कर दें तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा।"

# 22 जनवरी को अयोध्या न आएं, घर में मनाएं दिवाली : पीएम मोदी

• दोआबा न्यूज़लाईन . अयोध्या




**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शनिवार को अयोध्या दौरे के दौरान करीब 16 करोड़ के प्रोजेक्ट की सौगात दी। उन्होंने नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन समेत अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने दो अमृत भारत और छह वंदे भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 40 करोड़ देशवासियों से करबद्ध निवेदन है कि 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में राम ज्योति जलाएं। दिवाली मनाएं।साथ ही निवेदन है कि 22 जनवरी को अयोध्या न आएं। हमें कोई ऐसा काम नहीं करना है जिससे प्रभु राम को तकलीफ हो।

उन्होंने कहा कि खासतौर पर उत्तर प्रदेश के राम भक्तों से निवेदन है कि वे 22 जनवरी को न आएं। 23 जनवरी के बाद राम लला के दर्शन शुरू जाएंगे। फिर अपनी सुविधा के अनुसार आएं। राम मंदिर तो यहीं है। पीएम मोदी ने साथ ही अपील की कि 14 जनवरी को देशभर के तीर्थ स्थलों पर, हर शहर के छोटे बड़े मंदिर में स्वच्छता का अभियान चलाया जाए।

**10 करोड़वीं लाभार्थी महिला के घर चाय पी :** पीएम मोदी ने बताया कि अयोध्या में उन्होंने उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी महिला के यहां चाय पी है। उज्ज्वला योजना की शुरुआत यूपी के बलिया से हुई थी और इसके लाभार्थियों की संख्या 10 करोड़ तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि एक समय था। जब अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे। आज पक्का घर सिर्फ रामलला को नहीं, बल्कि पक्का घर देश के चार करोड़ गरीबों को मिला है। आज देश अपने तीर्थों को संवार रहा है। डिजिटल टेक्नोलॉजी दुनिया में छाई हुई है। पीएम मोदी ने कहा, 'आज सिर्फ केदारनाथ धाम का पुनरुद्धार नहीं हुआ है, बल्कि 300 से ज्यादा नए मेडिकल कॉलेज बने हैं।'

**अयोध्या में आने वालों की संख्या में वृद्धि होगी :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनने के बाद यहां आने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि होगी। हमारी सरकार अयोध्या में विकास कार्य करवा रही है। सड़कों का चौड़ीकरण, नए फुटपाथ, फ्लाईओवर और नए पुल बन रहे हैं।

**500 सालों का इंतजार होगा खत्म :** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि 500 वर्षों का इंतजार खत्म होने जा रहा है। प्रभु के आगमन से पहले पीएम मोदी का संकल्प था कि अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी के रूप में स्थापित करेंगे।




# नववर्ष 2024 की शुभकामनाएं





नया साल हर व्यक्ति के जीवन में हर बार नए अवसर और नई उमंगें लेकर आता है। इसलिए हर साल, हर एक व्यक्ति आने वाले नए साल का स्वागत बड़े उत्साह और उमीदों से करता है। साल के आखिरी दिन यानि 31 दिसंबर को हर जगह नए साल के स्वागत के जश्न की तैयारियां होती हैं। शहर के हर होटल और रेस्टोरेंट में इस दिन की धूम होती है। लोगों में नए साल के स्वागत के प्रति जोश और उत्साह देखने योग्य होता है।

दोआबा न्यूज़लाईन के सभी रीडर्स को हमारी तरफ से नववर्ष 2024 की शुभकामनाएं। नववर्ष ऐसा समय है, जब हम सब नवें साल की प्रतीक्षा दोनों बाहें फैला , नई ऊर्जा से करते है। इस साल के आरम्भ से ही सभी को उम्मीदें होती हैं कि आने वाला नया साल हमारे जीवन में खुशियां लेकर आए। ताकि हम पुराने साल की बुरी यादों को भूल पाएं। नया साल शुरू होने से पहले यानी 31 दिसंबर की रात को ही सभी नए साल के जश्न में डूब जाते हैं। अगर हम बात करें कुछ साल पहले की, उस समय सभी लोग नया साल एक दूसरे को ग्रीटिंग के जरिए अपनी शुभकामनाएं भेजते थे। तब लोग नए साल का जश्न घर में परिवार के साथ स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर और उनका आनंद लेकर मनाते थे।

लेकिन आज के हाईटेक ज़माने में लोग नए साल के सन्देश अपने रिश्तेदारों या फ्रेंड्स को मोबाइल से ही मैसेज या व्हाट्सएप के जरिए भेजते हैं। आज के समय में हर व्यक्ति अपने परिवार या दोस्तों के साथ बाहर जाकर नए साल को सेलिब्रेट करता है। कई लोग तो इस दिन को शहर से बाहर पहाड़ों या किसी और टूरिस्ट प्लेस में जाकर मनाना पसंद करते हैं। नए साल के लिए लोग आउटिंग की योजना पहले ही बना लेते हैं।

**कैसे मनाएं नए साल का जश्न :** नए साल पर हर किसी के मन में यह सवाल उठता है, कि नए साल का जश्न कैसे मनाये? लोग अलग-अलग तरह की प्लानिंग करते हैं, तो आइए हम आपके साथ कुछ ऐसे ही टिप्स सांझा करते है, ताकि आपका इस बार का जश्न बेहद खूबसूरत और यादगार बने।

इस संसार में सब कुछ टेम्परारी है, कुछ भी परमानेंट नहीं है, इसलिएअपनों से सभी तरह के मनमुटाव को दूर कर हमेशा अपनों के साथ खुश रहना चाहिए। रिश्तो में कभी भी कड़वाहट नहीं लानी चाहिए। हर रिश्ता अहम है इसीलिए नए साल में संकल्प ले की आपको हर रिश्ते में प्यार को बांटना है। नए साल में खुद से यह वादा जरूर करें, कि नेगटीवीटि को दूर कर पॉजिटिव रहना चाहिए। कुछ बातों को इग्नोर करना चाहिए जिंदगी का नाम ही संघर्ष है। कई बार ऐसी परिस्तिथि आ जाती है, हम कई बार नेगिटिव हो जाते है तो कोशिश करे खुद को बदलने की और हमेशा पॉजिटिव रहने की।

कहीं आउटिंग पर जाना नए साल का बढ़िया विकल्प हो सकता है। यह आपको भी नया बनाने में मदद करेगा। हर बार अगर आप दोस्तों के साथ बाहर जाते हैं तो इस वार परिवार के साथ प्लान बनाएं।

अगर आप घर में ही रहकर नए साल को सेलिब्रेट करना चाहते हैं तो थीम आधारित पार्टी भी बेहतरीन विकल्प हो सकता है। आप जो चाहे वह थीम चुन सकते हैं और सभी सदस्यों के लिए टास्क तय कर सकते हैं। इसके अलावा पार्टी में कुछ गेम्स भी होंगे तो आपका मजा दुगना हो सकता है।



# इनोसेंट हार्ट्स के इनोकिड्स के बच्चों ने बड़े उत्साह से सेलिब्रेट किया क्रिसमस

• **सपना ठाकुर** . जालंधर

**इनोसेंट हार्ट्स के** पांचों स्कूलों (ग्रीन मॉडल टाऊन, लोहारां, नूरपुर, कैंट जंडियाला रोड, कपूरथला रोड) के इनोकिड्स में क्रिसमस डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर नन्हें बच्चों के लिए 'सांता क्रूज़ पार्टी' का आयोजन किया गया। सांता क्लॉज की पोशाक में सजे बच्चे बहुत मनमोहक लग रहे थे। सांता बनकर आए बच्चों ने दूसरे बच्चों की कक्षाओं में जाकर उन्हें टॉफियां बांटी। सबने मिलकर गीतों की धुन पर नृत्य किया। नन्हें बच्चों ने प्रभु यीशु के जीवन से संबंधित एक सुंदर नाटिका प्रस्तुत की।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में क्रिसमस ट्री सजाया गया। कक्षाओं में अध्यापिकाओं ने बच्चों को प्रभु यीशु के जीवन से संबंधित कई रोचक प्रसंगों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु ने जीवन पर्यंत मानवता की राह पर चलने की शिक्षा दी और मानवता की रक्षा के लिए ही उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने प्रभु यीशु के जीवन, उनके त्याग व आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों से कहा कि उन्हें प्रभु यीशु की दी हुई शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए और सभी धर्मों को एक समान सम्मान देना चाहिए।




## नव वर्ष पर प्रधानमंत्री मोदी ने पंजाबवासियों को दिया वंदे भारत ट्रेन का तोहफा : खन्ना

**दोआबा न्यूजलाईन (होशियारपुर) :** भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद अविनाश राय खन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाबवासियों को नववर्ष पर वंदे भारत ट्रेन का तोहफा दिया है। खन्ना ने इस बेहतरीन तोहफे के लिए पंजाबीयों की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया।



इस मौके खन्ना ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को अयोध्या से छह वंदे भारत ट्रेनों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इनमें से एक वंदे भारत ट्रेन अमृतसर से दिल्ली के मध्य चलेगी। इसकी रफ्तार 160 किलोमीटर प्रति घंटा के करीब होगी। यह गाड़ी सप्ताह में छह दिन चलेगी। शुक्रवार को इस गाड़ी का संचालन नहीं होगा। दिल्ली से अमृतसर के बीच वंदे भारत ट्रेन 30 दिसंबर को शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन अमृतसर से सुबह 8.15 बजे रवाना होगी और दोपहर 1.30 बजे दिल्ली पहुंचेगी। आम लोग एक जनवरी 2024 से इसमें सफर कर सकेंगे। अमृतसर से रवाना होकर यह ट्रेन 9.26 बजे जालंधर कैंट, 10.16 बजे लुधियाना, 11.34 बजे अंबाला और 1.30 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इसके बाद दिल्ली से यह गाड़ी 3.15 बजे रवाना होगी और 8.35 बजे अमृतसर पहुंचेगी। शताब्दी एक्सप्रेस इस रूट में कुल छह घंटे का समय लगता है जबकि वंदे भारत में यही सफर पांच घंटे 20 मिनट में पूरा होगा। खन्ना ने कहा कि वंदे भारत गाडी से पंजाब के रेल यात्रियों को दिल्ली तक सफर में काफी सुविधा मिलेगी।

# कांग्रेस के 139 वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस भवन में फहराया गया तिरंगा

• **करन शर्मा** . जालंधर

**कांग्रेस भवन** जालंधर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 139 वें स्थापना दिवस के अवसर पर झंडा फहराया गया। इस अवसर पर देश के लिए बलिदान देने वाले कांग्रेस नेताओं को याद किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष शहरी राजिंदर बेरी और जिला अध्यक्ष ग्रामीण अध्यक्ष हरदेव सिंह लाडी शेरोवालिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थापना 1885 में हुई थी और कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने देश के लिए बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि आज आजादी के बाद हमारे देश ने जो प्रगति की है, उसमें कांग्रेस पार्टी का अहम योगदान है।



इस मौके पर देश और पंजाब के लिए शहादत देने वाले नेताओं को याद किया गया। जिनमें शहीद इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, स. बेअंत सिंह, स.दर्शन सिंह के.पी.को याद किया गया। इस अवसर पर अवतार सिंह जूनियर (बावा हेनरी), राजिंदर सिंह पूर्व एसएसपी, पवन कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीमती सुरिंदर कौर, प्रेम नाथ दकोहा, हरीश ढल्ल, कंचन ठाकुर, मनमोहन सिंह बिल्ला, राकेश कुमार, बलराज ठाकुर, भगत बिशन दास, विकास संगर, यशपाल शैफरी, साहिल सहदेव, संजू अरोड़ा महेंद्र सिंह गुलु, तरसेम लखोत्रा, राजीव टीका, प्रभदयाल भगत, बचन लाल विक्रम शर्मा अमित माटू, गुरबचन जाला, सचिन सरीन, अश्वनी शर्मा, अशोक खन्ना, नरिंदर पहलवान, वंशिका, हरपाल मिथुन, कमल लोच, नवदीप जरेवाल, पलवी , रविंदर परिही, पवन कौशल, यश पहलवान, बलबीर कौर, बिशंबर कुमार, रणदीप सिंह, अमरजीत सिंह कंग, जोरावर सिंह सोढ़ी, गुरपाल सिंह, सुरिंदरजीत सिंह, तरलोचन सिंह संघा, महेंद्र पाल सिंह टुरना सहित कई अन्य मौजूद रहे।

## डेढ़ साल पहले स्टडी वीजा पर कनाडा गए नौजवान की मौत

• **दोआबा न्यूजलाईन** . जालंधर

**कनाडा में** करीब डेढ़ साल पहले स्टडी वीजा पर गए युवक की मौत की खबर मिली है। मृतक करणवीर सिंह (21) फरीदकोट जिले के कोटकपूरा का निवासी था और मां-बाप का इकलौती संतान था। जानकारी के अनुसार मृतक करणवीर सिंह करीब डेढ़ वर्ष पहले कनाडा में पढ़ाई करने गया था जो कुछ दिनों से बीमार चल रहा था। इसी कारण उसकी मौत हो गई। इस खबर से उसके माता-पिता पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।



बता दें कि करणवीर सिंह कनाडा के विन्निपेग में रह रहा था। उसके माता-पिता ने उसके शव को भारत लाने के लिए पंजाब व केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगाई है। ज़िक्रयोग्य है कि विदेश में पंजाब के नौजवानों की मौतों का सिलसिला जारी है।

## नहीं रही कपूरथला की महारानी गीता देवी, दिल्ली स्थित आवास में ली आखिरी सांस

**करन शर्मा (जालंधर) :** पंजाब के कपूरथला की महारानी गीता देवी का अचानक हार्ट में समस्या के कारण ज्यादा तबियत बिगड़ने से निधन हो गया। बता दें कि महारानी गीता देवी का चर्चा दुनिया की चुनिंदा बेहद सत्कारित महिलाओं में होता था। महारानी गीता देवी कपूरथला रियासत के वंशज टिक्का शत्रूजीत सिंह की माता एवं महाराजा कपूरथला बिग्रेडीयर सुखजीत सिंह की पत्नी थी।



महारानी के अचानक हुए इस निधन के दुःख में डूबे हुए उनके पुत्र शत्रुजीत सिंह ने बताया कि महारानी साहिबा को गुरुवार देर शाम हार्ट में थोड़ी परेशानी महसूस हुई थी। जिसके बाद तुरंत उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन महारानी साहिबा अपने अंतिम पलों में घर में ही रहना चाहती थी। इसलिए हम उन्हें घर ले आए। जहां रात के करीब सवा सात बजे उन्होंने अंतिम सांस ली और हमें सदीवी विछोडा दे गए।

महारानी के निधन पर बीकानेर की प्रिंसेस राज्यश्री कुमारी, गुजरात रियासत के युवराज जसडन, ग्वालियर स्टेट, पटियाला रियासत के महाराजा कैप्टन अमरिंदर सिंह, बड़ौदा, जयपुर, जोधपुर आदि रियासतों के युवराजों व राजाओं की तरफ से गहरा शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

# डीएवी कॉलेज में "माई लाइफ, माई स्टोरी" नामक विशेष वार्ता का आयोजन

• **करन शर्मा** . जालंधर

**जालंधर के डीएवी कॉलेज** ने एलुमनी एसोसिएशन और इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में प्रतिष्ठित पूर्व छात्र, प्रसिद्ध परोपकारी और विश्व कैंसर देखभाल सोसायटी के ग्लोबल एंबेसडर कुलवंत सिंह धालीवाल के साथ "माई लाइफ, माई स्टोरी" नामक एक विशेष वार्ता का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार, वरिष्ठ उप-प्राचार्य प्रो. सलिल कुमार उप्पल, उप-प्राचार्य प्रो अर्चना ओबेरॉय, प्रो. ईशा सहगल, डीन एलुमनाई, डॉ. दिनेश अरोड़ा, डीन आईक्यूएसी और डॉ. राजीव पुरी, संयोजक आईआईसी ने कॉलेज पहुंचने पर कुलवंत सिंह धालीवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया।




प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने धालीवाल की उल्लेखनीय उपलब्धियों और महत्वपूर्ण योगदान पर बात करते हुए समाज सेवा, विशेष रूप से दुनिया भर में कैंसर जागरूकता के क्षेत्र में उनके अग्रणी प्रयासों के लिए कुलवंत सिंह धालीवाल की सराहना की। उन्होंने धालीवाल को एक विनम्र व्यक्ति बताते हुए कहा कि उनके पास एक अटूट भावना है, जो एक स्पष्ट मिशन और एक दूरदर्शी उद्देश्य से प्रेरित है। उन्होंने धालीवाल को सबसे प्रतिष्ठित पंजाबियों में से एक बताया, जिन्होंने मानवता के प्रति अपने निस्वार्थ समर्पण के माध्यम से एक अमिट छाप छोड़ी है।

धालीवाल ने अपने जीवन यात्रा, चुनौतियों और जीत का जिक्र करते हुए अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। एक पूर्व छात्र के रूप में उन्होंने अल्मा मेटर में अपने समय की यादों और अनुभवों को याद किया। जहां उन्होंने अपने शिक्षकों के माध्यम से नैतिक मूल्यों को सीखा, जिसने एक प्रेरक शक्ति के रूप में काम किया और उन्हें पीड़ित व्यक्तियों के प्रति सहानुभूति रखने में काफी मदद मिली। कैंसर रोग की गंभीरता पर जोर देते हुए उन्होंने नियमित जांच, निदान, तत्काल उपचार और अनुवर्ती कार्रवाई की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से दान की वकालत की और उनके महत्व को रेखांकित किया। शिक्षकों को चरित्र निर्माण में प्रमुख प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में चित्रित करते हुए, धालीवाल ने शिक्षकों से भविष्य की पीढ़ियों को कैंसर के बारे में जागरूकता प्रदान करने का दायित्व लेने का आग्रह किया। उन्होंने एक स्वस्थ समाज को बढ़ावा देने के लिए अपने समर्पण को प्रदर्शित करते हुए, स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विविध सेमिनार आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रो. शरद मनोचा ने मंच संचालन करते हुए धालीवाल की समाज के प्रति चार दशकों की समर्पित सेवा पर प्रकाश डाला। उन्होंने धालीवाल की वाक्पटुता, प्रगतिशील मानसिकता और गहरी करुणा की प्रशंसा की, दुनिया भर के अनगिनत परिवारों में खुशी और आशा पैदा करने की उनकी क्षमता को स्वीकार किया। दुनिया भर में घूमने के बावजूद, धालीवाल का दिल पंजाब में गहराई से बसा हुआ है, जहां 7400 गांव उनकी उदारता और कृतज्ञता की गवाही देते हैं। डीन एलुमनी एसोसिएशन प्रो. ईशा सहगल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस तथ्य पर ध्यान केंद्रित किया कि किसी भी संस्थान की सफलता को पूर्व छात्रों की उपलब्धियों से मापा जा सकता है। इस अवसर पर सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य उपस्थित थे।

## सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल में वार्षिक "खेल दिवस" समारोह का आयोजन



• **करन शर्मा** . जालंधर

**जालंधर का** सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल शहर का सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान है जहां छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। इसके साथ ही यह स्कूल छात्रों को अन्य गतिविधियां जैसे खेल के क्षेत्र में भी सभी प्रकार के अवसर प्रदान करता है जैसे खो-खो और वॉलीबॉल टीमें आदि खेलों में सीबीएसई सहोदय खेल प्रतियोगिता और कई अन्य प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतकर स्टूडेंट्स ने अपनी संस्था और माता-पिता का नाम रोशन किया है। हाल ही में स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने मेंढक दौड़, बैक रेस, बनाना रेस, वन लेग रेस आदि में भाग लेकर अपना कौशल दिखाया और इन प्रतियोगिताएं में जीत हासिल करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल निर्देशक अमरीक सिंह मिन्हास ने मेडल देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर स्कूल निर्देशक ने कहा कि विद्यार्थियों के विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी उनकी प्रगति में अहम भूमिका निभाता है। यदि विद्यार्थियों को कम उम्र में ही खेलों के महत्व के बारे में बताया जाए तो वे आगे बढ़कर अपने स्कूल, माता-पिता का नाम रौशन करते हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया।

ग्रुप के चेयरमैन अनिल चोपड़ा और वाइस चेयरपर्सन संगीता चोपड़ा ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि आज के युवा कल के नागरिक हैं और अगर युवा खुद को खेल और पढ़ाई में आगे रखेंगे तो उनका जीवन बेहतर होगा और वे सफल नागरिक बन सकते हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान राज्य भर में अब तक 130451 आयुष्मान भारत कार्ड हुए जारी

**• पंजाब भर में अब तक 917194 लोगों ने यात्रा में लिया भाग • 528517 नागरिकों ने लिया विकसित भारत के लिए संकल्प • राज्य में अब तक पहुँची 148 जागरूक वैन्ज ने 5342 ग्राम पंचायतों को किया कवर**

• **दोआबा न्यूजलाईन** . नई दिल्ली

**माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** की तरफ से सरकार की जन कल्याण योजनाओं के लक्ष्यों को पूरी तरह हासिल करने और देश के नागरिकों की विकसित भारत में भागीदारी को उत्साहित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई थी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत सूबे भर में अब तक पहुंची 148 जागरूक वैनज़ ने 5342 ग्राम पंचायतों को कवर कर लिया है।



यात्रा के दौरान किये जा रहे समारोहों में अब तक सूबे भर में से 917194 लोगों ने भाग लिया, जिन में 459254 औरतें और 455937 मर्द शामिल हुए हैं। इस यात्रा के दौरान सेहत कैंप भी लगाए जा रहे हैं। इन सेहत जाँच कैंपों के दौरान अब तक 221797 लोगों की सेहत का चैकअप किया जा चुका है। इस दौरान टी. बी. सबंधी 115001 लोगों की जांच की जा चुकी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ़ प्रचार ही नहीं है बल्कि इस का एक मुख्य उद्देश्य देश के विकास में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना भी है। इस उद्देश्य के अंतर्गत पंजाब भर में अब तक 528517 लोगों की तरफ से विकसित भारत के लिए संकल्प लिया जा चुका है।

इस यात्रा के दौरान किसानों को खेत पर ड्रोन के द्वारा नैनो फर्टिलाइजर सपरेय करके एक विशेष डैमो भी दिए जा रहे हैं। अब तक 3156 ड्रोन प्रदर्शन किये जा चुके हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ हर लाभपातरी तक पहुँचे इस उद्देश्य के अंतर्गत पंजाब में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब तक 4039 किसान क्रेडिट कार्ड बाँटे जा चुके हैं और 130451 आयुष्मान भारत कार्ड लाभार्थियों को जारी किये जा चुके हैं। सरकारी योजनाओं के लाभार्थी इस यात्रा के दौरान बेहद खुश नज़र आ रहे हैं और 8481 लाभार्थियों ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के अंतर्गत योजनाओं के लाभ के बारे में सरकार का धन्यवाद करते हुए अपने दिल के जज़्बात सांझे किये हैं। यात्रा के दौरान पर्यावरण संभाल संबंधी लोगों को सामाजिक संदेश देने के लिए 'धरती कहे पुकार के' की पेशकारी की जा रही है, जिस के अंतर्गत अब तक पंजाब भर में 4978 गतिविधियों की जा चुकी हैं।

ज़िक्रयोग्य है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक राष्ट्रव्यापी पहल है। इस दौरान जन कल्याण की योजनाओं के बारे लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ कुछ योजनाओं के मौके पर लाभ भी दिए जा रहे हैं। इस के अंतर्गत जो वैनज़ अलग- अलग जगह पर पहुँच रही हैं, उन में स्करीन के द्वारा जहाँ लोगों को वीडियो संदेश दिखा/सुना कर जागरूक किया जा रहा है, वहाँ कैलंडर और कुछ जागरूक सामग्री भी लोगों को बांटी जा रही है।

# भारतीय पासपोर्ट पर योग्यता और वैधता की ही रहे मुहर



## संपादकीय

सतपाल शर्मा

**भारतीयों का फ्रांस में पकड़ा जाना या विभिन्न देशों में येन-केन-प्रकारेण प्रवेश करना इन दिनों सुर्खियों में है। अगर कोई नागरिक अपने मुल्क से किसी दूसरे देश में अवैध ढंग से प्रवेश करता है, तो एक...**

भारतीयों का फ्रांस में पकड़ा जाना या विभिन्न देशों में येन-केन-प्रकारेण प्रवेश करना इन दिनों सुर्खियों में है। अगर कोई नागरिक अपने मुल्क से किसी दूसरे देश में अवैध ढंग से प्रवेश करता है, तो एक खतरनाक ट्रेंड भी बनाता है। इससे सामाजिक अनैतिकता को भी बढ़ावा मिलता है और इस पर गंभीरता से सोचना चाहिए।

एक वह दौर था, जब भारत से लोगों को मजदूरी के लिए जबरन विदेश ले जाया जाता था, लेकिन इधर ऐसे लोगों की संख्या बढ़ी हुई दिखती है, जो खुशी-खुशी विदेश जाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। वैध ढंग से विदेश जा रहे लोगों की कोई चिंता नहीं, पर जिस गति से अवैध रूप से विदेश जाने की चेष्टा बढ़ी है, वह देश के सम्मान व सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है।

अभी हाल ही में फ्रांस में जब 303 भारतीयों को रोका गया, तब पूरी दुनिया की नजर उस पर पड़ी। फ्रांस ने 276 लोगों को वापस भेज दिया, पर 25 लोग वहीं फ्रांस में रुक गए, वे अब भारत के नागरिक नहीं रहना चाहते। कौन सी कंपनी या कौन से एजेंट हैं, जिन्होंने इतने सारे लोगों को अवैध ढंग से विदेश पहुंचा देने का आपराधिक काम अपने हाथ में लिया था? दरअसल, अनेक गैर-पंजीकृत एजेंट महत्वाकांक्षी व लोभी युवाओं को सब्जबाग दिखाने में लगे हैं। क्या ऐसे एजेंटों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है? कड़ी जांच होनी चाहिए, यह अवैध धंधा हिंदी पट्टी के किन राज्यों में ज्यादा पनप रहा है?

वैसे तो करोड़ों की तादाद में ऐसे भारतीय हैं, जो वैध तरीके से विदेश गए हैं। बड़ी संख्या में भारतीय युवा अपनी प्रतिभा और योग्यता के बल पर जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, फ्रांस, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में जाकर बसे हैं। वैध रूप से विदेश जाकर नाम कमाने वालों में सुंदर पिचई का नाम सबसे ऊपर है। पिचई के पास अमेरिकी नागरिकता है, लेकिन उन्हें भारतीयता पर गर्व है। तमाम भारतीयों को पिचई का नाम सुनकर ही गर्व होता है। कोई दोराय नहीं कि भारतीयों ने योग्यता और उदारता से दुनिया में अपनी जगह बनाई है।

संसद के शीतकालीन सत्र में विदेश राज्य मंत्री ने एक चौंका देने वाला आंकड़ा देश के सामने रखा कि अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी के अनुसार, अमेरिका में भारतीयों का अवैध प्रवेश बढ़ता जा रहा है। वहां अवैध भारतीयों की संख्या 2,00,760 है और साल भर में ही अवैध प्रवेश के 96,917 मामले सामने आए हैं। यह न अमेरिका के लिए अच्छा है और न ही भारत के लिए। आखिर इतनी सुरक्षा के बावजूद ऐसी अवैध घुसपैठ कैसे हो जाती है और फिर वहां लोग रहने भी कैसे लगते हैं? इसलिए दोनों मुल्कों को अपने संसाधनों और सुरक्षा की कमियों को दूर करना चाहिए।



वह छवि, जो ऋषि सुनक या सुंदर पिचई जैसे समर्पित-पेशेवर लोगों ने बनाई, उसकी रक्षा सरकार ही नहीं, लोगों को भी करनी चाहिए। आज बड़ी संख्या में ऐसे भारतीय प्रवासी हैं, जो उन देशों की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं और राजनीतिक रूप से मजबूत हैं, तो क्यों न योग्यता को ही विदेश जाने का माध्यम बनाया जाए? वैध और अवैध में फर्क सिर्फ एक 'अ' का होता है, पर यह एक बड़ा अंतर पैदा कर देता है। बीतते वर्ष में ही अनेक घटनाएं हैं कि अमेरिका में घुसने की कोशिश में लोग नदी में डूबे हैं, ठंड के कारण भी मारे गए हैं। हम ऐसी त्रासद घटनाओं को कैसे भुला देते हैं? डंकी बनकर डंकी उड़ान ली जाती है, मगर ऐसे अवैध पंखों के सहारे किसी देश में घुसते समय बहुत कुछ टूट-छूट जाता है। मनुष्य की वह शक्ति, जो उसको सकारात्मक और बेहतर नागरिक बनने-बनाने के लिए प्रेरित करती है, वह धुंधली हो जाती है।

यह योग्यता, कुशलता, वैधता और नैतिकता का ही रास्ता है, जो किसी मोहनदास को महात्मा और किसी नरेंद्र को विवेकानंद बना देता है। हौसलों की सभ्य और वैध उड़ान सभी डंकी उड़ानों पर भारी पड़ती है। युवाओं को विशेष रूप से सजग होना चाहिए। जीवन में कुछ भी बनना है, तो पहले नैतिकता के धनी बनें और सिर्फ वैध रास्ता ही चुनें। यकीन मानिए कि योग्यता का संबंध समंदर पार जाने से नहीं होता है, बल्कि उस शिक्षा और कुशलता से होता है, जो बड़ा सुंदर पिचई न सही, छोटा सुंदर पिचई बनने की प्रेरणा देती है।

## '2024 लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जीतेगी बीजेपी', कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा का दावा

• दोआबा न्यूज़लाईन. नई दिल्ली



**कांग्रेस नेता** सैम पित्रोदा ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की सटीकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर ईवीएम को ठीक नहीं किया गया तो भाजपा 2024 के आम चुनावों में 400 सीटें जीतेगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि राम मंदिर पर उनकी टिप्पणी को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। पित्रोदा, एक टेक्नोक्रेट, जिन्हें कांग्रेस भारत में दूरसंचार क्रांति लाने का श्रेय देती है, ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन लोकुर की अध्यक्षता वाले एनजीओ की मुख्य सिफारिश वीवीपीएटी प्रणाली के वर्तमान डिजाइन को बदलने की थी।

अपने बयान में कांग्रेस नेता ने कहा कि मैंने चुनाव आयोग के जवाब का इंतजार किया लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो मैंने बोलने का फैसला किया। इसका इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि पांच राज्यों में चुनाव खत्म हो चुके हैं और 2024 का चुनाव आ रहा है। मुझे लगता है कि इस रिपोर्ट के आधार पर विश्वास की कमी है। और, चुनाव आयोग को विश्वास के पुनर्निर्माण के लिए जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें लगता है कि वे ऐसा कर सकते हैं तो उन्हें और अधिक शक्ति मिलेगी। यह देश को तय करना है। अगले चुनाव से पहले ईवीएम को ठीक करना होगा। अगर ईवीएम ठीक नहीं हुई तो 400 भी सच हो सकता है। अगर ईवीएम ठीक है तो 400 सच नहीं हो सकता।

## पंजाब के एयरपोर्ट से पकड़ा गया 67.60 लाख का सोना, दुबई के पैसेंजर से हुआ बरामद

• पूजा मेहरा . अमृतसर

**पंजाब के** अमृतसर में स्थित श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने एक दुबई से लौटे यात्री से 67.60 लाख का सोना बरामद किया है। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह सोना पैसेंजर ने अपनी कमर के साथ



बांध रखा था। बताया जा रहा है कि यात्री आज सुबह दुबई की फ्लाइट नंबर IX192 से अमृतसर पहुंचा। जहां कस्टम विभाग की एंटी स्मगलिंग यूनिट ने उसे शक के आधार पर रोका।

वहीं तलाशी के दौरान विभाग को यात्री के पास 1698.2 ग्राम GRWT वाला सोना बरामद किया गया है। यह सोना 24 कैरट का है। जिसकी बाजार में कीमत 67.60 लाख रुपए है। जानकारी के अनुसार यात्री ने पीले रंग के पैकेट में लपेटा हुआ यह सोना अपने ट्राउजर की बेल्ट से बांधकर रखा हुआ था। जिसके बाद कस्टम की टीम ने यात्री को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।



## कतर में आठ पूर्व नौसैनिकों की मौत की सजा पर रोक

• दोआबा न्यूज़लाईन. कतर

**कतर में** मौत की सजा पाए 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को गुरुवार को बड़ी राहत मिली। भारत सरकार की अपील पर सभी आठ लोगों की मौत की सजा पर रोक लगा दी गई है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि मामले को लेकर कतर में स्थित कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुनवाई के दौरान अदालत ने सजा कम कर दी। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''विस्तृत फैसले की कॉपी का इंतजार है। हमारी कानूनी टीम अगले कदम को लेकर आठों भारतीयों के परिवारों के संपर्क में हैं। सुनवाई के दौरान एंबेसडर और अधिकारी कोर्ट में मौजूद रहे।' मंत्रालय ने आगे कहा कि हम आठों लोगों के परिवार के साथ शुरुआत से खड़े रहे हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए ये सही नहीं होगा कि हम इसके बारे में ज्यादा बोलें। हम मामले को लगातार कतर प्रशासन के सामने उठा रहे हैं और उठाते रहेंगे।

भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मी की पहचान कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर अमित नागपाल, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी ,कमांडर सुगुनाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता और नाविक रागेश गोपाकुमार के रूप में हुई है। कतर में स्थित अल दाहरा कंपनी में काम करने वाले आठों भारतीयों पर कथित तौर पर जासूसी करने का आरोप है।

## लखबीर सिंह लांडा को गृह मंत्रालय ने घोषित किया आतंकवादी

• दोआबा न्यूज़लाईन. नई दिल्ली

**खालिस्तानी लखबीर सिंह लांडा** पर आरोप है कि उसने मोहाली, पंजाब में पुलिस इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर्स पर रॉकेट की मदद से ग्रेनेड हमला करवाया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कनाडा में रह रहे खालिस्तानी और बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के नेता लखबीर सिंह लांडा को आतंकवादी घोषित कर दिया।

लांडा को भारत में गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए यूएपीए अधिनियम के तहत 'व्यक्तिगत आतंकवादी' के रूप में घोषित किया गया है। लखबीर सिंह लांडा, जो मूल रूप से पंजाब का निवासी है, लेकिन हाल ही में वह कनाडा में रहकर भारत के खिलाफ साजिशों में शामिल है

**पुलिस हेडक्वार्टर्स पर हमले का मास्टर माइंड है लांडा :** लखबीर सिंह लांडा पर आरोप है कि उसने मोहाली, पंजाब में पुलिस इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर्स पर रॉकेट की मदद से ग्रेनेड हमला करवाया था। इसके अलावा, उस पर यह भी आरोप है कि वह पाकिस्तान से भारत में हथियारों और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) की तस्करी करता है। लखबीर सिंह लांडा को मोहाली में



पिछले साल 9 मई को पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय पर हुए ग्रेनेड हमले का मास्टरमाइंड भी माना जाता है। इस हमले के बाद से लांडा पंजाब पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से मोस्ट वांटेड आतंकी घोषित किया गया और एनआईए ने इस पर इनाम भी रखा है।

**गुरपतवंत सिंह पन्नू का करीबी है लांडा :** गृह मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक आतंकी लखबीर सिंह लांडा कनाडा स्थित खालिस्तान समर्थक संगठन (पीकेई) के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। बता दें कि इस संगठन में पिछले साल मारा गया खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) का आतंकी हरदीप सिंह निज्जर और सिख्स फॉर जस्टिस का आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू भी शामिल थे।

## सरकारी कैटल पाउंड को सही तरीके से चलाने के लिए पंजाब सरकार वचनबद्ध : ब्रम शंकर जिंपा



• दोआबा न्यूज़लाईन. होशियारपुर

**कैबिनेट मंत्री ब्रम शंकर जिंपा** ने डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल व समाज सेवी सेठ रोहताश जैन के साथ गांव फलाही में बने सरकारी कैटल पाउंड का दौरा किया व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कैटल पाउंड को सही तरीके से चलाने में के लिए जहां पंजाब सरकार वचनबद्ध है वहीं दानी सज्जनों का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि यहां की हर जरुरत को पूरा करने के लिए दानी सज्जनों ने यथा संभव योगदान दिया है और उन्हें उम्मीद है कि कि आगे भी इसी तरह से यह क्रम जारी रहेगा। कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान कैटल पाउंड में पौधारोपण किया व वहां की जरुरतों को जाना। उन्होंने कहा कि दानी सज्जनों के सहयोग के कैटल पाउंड की नुहार बदलने के लिए व यहां आने वाले गौधन की संभाल के लिए कई योजनाओं पर काम चल रहा है और भविष्य में इस दिशा में सार्थक प्रयास किए जाएंगे।

## पीपीसीबी द्वारा बायो मैडीकल वेस्ट रूल्स-2016 के बारे में जागरूकता सैमीनार

• दोआबा न्यूज़लाईन. जालंधर

**पंजाब प्रदूषण** नियंत्रण बोर्ड, द्वारा मुख्य वातावरण इंजीनियर, जालंधर डा. करनेश गर्ग की अध्यक्षता में बायो मैडीकल वेस्ट रूल्स-2016 की पालना के लिए जागरूकता सैमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें जालंधर के प्रमुख अस्पतालों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान इंजी. वातावरण संदीप कुमार ने बायो मैडीकल वेस्ट रूल्स-2016 के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया और देश भर में बायो मैडीकल वेस्ट के उचित निपटारे के लिए अस्पतालों द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बायो मैडीकल वेस्ट के निपटारे को लेकर विभिन्न अस्पतालों द्वारा पूछे गए सवालों के भी जवाब



दिए। इस मौके पर डाक्टरों को अस्पतालों में बायो मैडीकल वेस्ट के प्रबंधन से संबंधित साफ्टवेयर भी दिखाया गया। उन्होंने कहा कि साफ्टवेयर बायो मैडीकल वेस्ट के उत्पादन से इलाज की सुविधा को ट्रैक करता है और इसे मोबाइल से संचालित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह साफ्टवेयर केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशानुसार तैयार किया गया है तथा आवश्यकतानुसार इसमें संशोधन भी किया जा सकता है।

डा. करनेश गर्ग ने डाक्टरों से अपील की कि वह बायो मैडीकल वेस्ट रूल्स-2016 को सख्ती से लागू करें और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उचित निपटारे सुनिश्चित करें ताकि बायो मैडीकल वेस्ट का दुरुपयोग न हो सके।

## एसवाईएल का सवाल ही पैदा नहीं होता : भगवंत मान

### कहा- भूजल का स्तर गिरने के कारण पंजाब पहले ही डार्क ज़ोन में

• दोआबा न्यूज़लाईन. चंडीगढ़

**मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान** ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर के निर्माण का सवाल ही पैदा नहीं होता, क्योंकि राज्य के पास किसी को देने के लिए पानी की एक बूँद भी नहीं है। केंद्रीय जल संसाधन मंत्री गजेंदर सिंह शेखावत द्वारा बुलाई गई अंतरराज्यीय मीटिंग में पंजाब के केस को ज़ोरदार ढंग से रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को अपनी सिंचाई ज़रूरतें पूरी करने के लिए 54 एम.ए.एफ. से अधिक पानी की ज़रूरत है।

उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर है कि पंजाब के पास केवल 14 एम.ए.एफ. पानी है, जो किसानों को दिया जा रहा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ऐसे हालात में किसी अन्य राज्य को पानी की एक बूँद भी देने का सवाल ही पैदा नहीं होता और पंजाब एस.वाई.एल. का निर्माण का सख़्ती से विरोध करता है। मुख्यमंत्री ने



ज़ोर देकर कहा कि सतलुज नदी पहले ही सूख चुकी है और इसमें पानी की एक बूँद भी देने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पंजाब के पास हरियाणा को देने के लिए कोई अतिरिक्त पानी नहीं है और अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार पानी की उपलब्धता का फिर से मुल्यांकन करना ज़रूरी है। मान ने कहा कि पंजाब के 76.5 प्रतिशत ब्लॉक (153 में से 117) में भूजल का स्तर बहुत नीचे जा चुका है, जहाँ पानी निकालने का पड़ाव 100 प्रतिशत को पार कर गया है, जब कि हरियाणा में केवल 61.5 प्रतिशत (143 में से 88) ब्लॉकों में पानी का स्तर नीचे गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी के संकट को कभी भी नजरअन्दाज़ नहीं किया जा सकता, जिस कारण राज्य सरकार एस.वाई.एल. के निर्माण के लिए उठाए गए किसी भी कदम का डटकर विरोध करेगी। पानी के तेज़ी से घट रहे स्तर से पैदा हो रही स्थिति की गंभीरता पर गहरी चिंता ज़ाहिर करते हुए भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह बहुत ही अफ़सोस की बात है कि दुबई और अन्य खाड़ी के देशों में तेल निकालने के लिए जिन हाई पावर मोटरों का प्रयोग किया जा रहा है, उन्हीं मोटरों का प्रयोग राज्य में भूजल को निकालने के लिए किया जा रहा है।

## पंजाब की वॉलीबॉल और टेबल टैनिस टीमों के ट्रायल 3 को

**दोआबा न्यूज़लाईन (चंडीगढ़) :** सैंट्रल सिविल सर्विस्ज़ कल्चरल एंड बोर्ड द्वारा ऑल इंडिया सर्विस्ज़ वॉलीबॉल (पुरुष और महिला) टूर्नामैंट 18 से 22 फरवरी 2024 तक पुणे (महाराष्ट्र) और टेबल टैनिस (पुरुष और महिला) टूर्नामैंट 30 जनवरी से 3 फरवरी 2024 तक गांधीनगर (गुजरात) में करवाया जा रहा है। पंजाब की वॉलीबॉल टीमों के चयन के लिए ट्रायल 3 जनवरी को मल्टीपर्पज़ स्टेडियम, सैक्टर-78, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर में सुबह 10 बजे और टेबल टैनिस टीमों के चयन के लिए ट्रायल 3 जनवरी को हंस राज स्टेडियम, जालंधर में सुबह 10 बजे लिए जाएंगे। इस टूर्नामैंट में आने-जाने, रहने और खाने-पीने और आने वाले खर्चे की अदायगी खिलाड़ी द्वारा निजी तौर पर की जाएगी।

## निकारागुआ मानवीय तस्करी मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम का गठन

### एसपी इन्वेस्टिगेशन फ़िरोज़पुर इस विशेष जांच टीम का करेंगे नेतृत्व

• दोआबा न्यूज़लाईन. चंडीगढ़



**पंजाब के मुख्यमंत्री** भगवंत सिंह मान और डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के दिशा-निर्देशों और, ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन (बी.ओ.आई.) के डायरैक्टर एल.के.यादव द्वारा निकारागुआ मानवीय तस्करी मामले में जांच के लिए चार सदस्यी विशेष जांच टीम ( एस.आई.टी.) का गठन किया गया है। इस विशेष जांच टीम का नेतृत्व एस.पी. इन्वेस्टिगेशन फ़िरोज़पुर रणधीर कुमार कर रहे है, जबकि इस के तीन सदस्यों में एसीपी सिविल लाईन लुधियाना जसरूप कौर बाठ, डीएसपी इन्वेस्टिगेशन फ़िरोज़पुर बलकार सिंह संधू और डीएसपी हैडक्वाटर पटियाला दलबीर सिंह सिद्धू शामिल है। एसआईटी को जल्द से जल्द अंतिम रिपोर्ट समर्थ अदालत के पास सौंपने के लिए कहा गया है।

इस केस में सहायता के लिए एसआईटी द्वारा किसी अन्य अधिकारी / कर्मचारी का भी सहयोग लिया जा सकता है। बता दे कि निकारागुआ मानवीय तस्करी मामले संबंधी अलग-अलग अखबारों में खबरें छपीं थी जिसमें 303 भारतीय यात्रियों, जिनमें ज़्यादातर पंजाब और गुजरात के साथ संबंधित थे, को फ्रांसीसी आधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें...

### तीसरी बार भाजपा के जिला अध्यक्ष बने सुशील शर्मा, पार्टी हाईकमान का आभार



**पूजा मेहरा (जालंधर) :** पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने शुक्रवार को नए जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां की है। इसमें ज़िला जालंधर शहरी के अध्यक्ष सुशील शर्मा को तीसरी बार ज़िला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस दौरान अध्यक्ष सुशील शर्मा ने तीसरी बार अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी हाईकमान की समूची लीडरशिप का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जो ज़िम्मेदारी मुझे सौपी गई है,मैं उसे पूरी तरह वचनवद्ध होकर निभाऊँगा। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए दिन रात मेहनत करेंगे। कार्यकर्ताओं की एकजुटता के चलते आगामी नगर निगम चुनावों में भारी जीत हासिल करेंगे।

### केएमवी की प्रिंसिपल ने कॉलेज की छात्रा सितार वादक रूपाली को किया सम्मानित

**सपना ठाकुर (जालंधर) :** जालंधर के कन्या महा विद्यालय के प्रिंसिपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने श्री बाबा हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन के दौरान सितार वादन प्रतियोगिता में से दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा रूपाली को सम्मानित किया। एम.ए. म्यूजिक (इंस्ट्रूमेंट) सेमेस्टर पहला की छात्रा रूपाली ने यह स्थान सीनियर वर्ग के अंतर्गत प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। उल्लेखनीय है कि सितार वादन को समर्पित रूपाली ने इससे पहले भी वर्ष 2018 में जूनियर वर्ग के अंतर्गत इस ही संगीत सम्मेलन में से तीसरा स्थान हासिल किया था. इसके अलावा यूथ फेस्टिवलस में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करने के साथ-साथ रूपाली ज़िला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रोग्रामों में भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ कई मान-सम्मान प्राप्त कर चुकी है।



प्राचार्य जी ने छात्रा रूपाली को उसकी इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी सफलता के नए आयाम निरंतर स्थापित करते रहने के लिए प्रेरित किया और साथ ही संगीत विभाग के द्वारा छात्राओं को प्रदान किए जाते उचित मार्गदर्शन की भी सराहना की।

### नए साल पर रिलीज़ होगी पंजाबी फिल्म "जट्टा डोली ना"




**पूजा मेहरा (जालंधर) :** "जट्टा डोली ना" पंजाबी फिल्म 5 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। शुक्रवार को फिल्म की स्टारकास्ट पंजाब प्रेस क्लब में पहुंची। जिनमें किरणदीप राय (हीरो), प्रभ ग्रेवाल (हीरोइन), भूपिंदर सिंह भमरा (डायरेक्टर), जरनेल सिंह व सन्नी गिल मौजूद रहे। बताते चले की फ़िल्म में 6 गीत है जिनको दिलेर मेहँदी, फ़िरोज खान, रोशन प्रिंस, शिप्रा गोयल व नछत्तर गिल ने अपनी सुरीली आवाजों में गाया है।

फिल्म में बेहतरीन तरिके से पंजाबी विरसे को दिखाया गया है। शुगली-गुगली ने अपने रोल में कॉमेडी किरदारों को बेहद बढ़िया ढंग से निभाया है। यह फ़िल्म परिवारिक और पंजाबी सभ्यता की ख़ास झलकदिखाएगी। फिल्म की शूटिंग चंडीगढ़ के कई गांव, मोहाली व लुधियाना में हुई है। गर्व की बात यह है की रामोजी फिल्म सिटी जो की दुनिया का सबसे बङा फिल्म स्टूडियो परिसर माना जाता है फ़िल्म में झलकियां नजर आएगी।

### भोगपुर पुलिस ने 8 घंटे में सुलझाई हत्या की गुत्थी, आरोपी गिरफ्तार



**सतपाल शर्मा (जालंधर) :** जालंधर ग्रामीण के भोगपुर की पुलिस ने 8 घंटे में हत्या की गुत्थी को सुझाकर आरोपी को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सीता देवी पत्नी परमजीत लाल निवासी सदाना थाना भोगपुर ने थाने में 28.12.23 को शिकायत दी थी कि आरोपी यश पुत्र परविंदर जीत सिंह निवासी राम गाड़िया मोहल्ला, आदमपुर हाल निवासी गांव मकसूदां ने उसकी बेटी सलोनी की तेजधार हथियार से हत्या कर दी थी।

जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी यश के खिलाफ मामला नंबर 155 दिनांक 28.12.23 ए/डी 302 बीएचडी पुलिस स्टेशन भोगपुर दर्ज किया और पुलिस पार्टी सहित मौके पर पहुंची और आरोपी यश को आज दिनांक 29.12.23 को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से हत्या के दौरान इस्तेमाल किया गया चाकू और उसका किट बैग और खून से लथपथ उसकी जैकेट मिली है। जिसे आज कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

# इमाम नासिर दरगाह की डेवलपमेंट को लेकर डीसी विशेष सारंगल को ज्ञापन सौंपा

## इमाम नासिर दरगाह हमारी ऐतिहासिक धरोहर, सरकार के माध्यम से डेवलपमेंट होगी : डीसी



**पूजा मेहरा (जालंधर) :** देश की ऐतिहासिक और सबसे पुरानी दरगाहों में शामिल हजरत इमाम नासिर दरगाह की डेवलपमेंट को लेकर शुक्रवार मुस्लिम संगठन पंजाब की तरफ से डीसी विशेष सारंगल को ज्ञापन सौपा गया। नईम खान एडवोकेट ने बताया कि 1100 साल से पुरानी इस दरगाह का इतिहास अजमेर शरीफ स्थित दरगाह से भी 400 साल पुराना है। लेकिन अभी तक केंद्र और पंजाब के टूरिज्म डिपार्टमेंट की तरफ से इस दरगाह की डेवलपमेंट न करवाने के चलते यह ऐतिहासिक धरोहर लगातार खराब हो रही है। इस दरगाह में मुगलकालीन समय की नकाशी और बड़ी क्लॉक टावर लगा हुआ है, इसके अलावा अंदर बेहद पवित्र जगह है, जहां पर शेख बाबा फरीद जी 40 दिनों तक भक्ति कर चुके हैं। इतनी ऐतिहासिक जगह होने के बावजूद सरकार की तरफ से अभी तक इस जगह की डेवलपमेंट नहीं की गई, जिसे लेकर मुस्लिम संगठन पंजाब की तरफ से डीसी विशेष सारंगल के माध्यम से इस जगह की डेवलपमेंट करने की मांग को उठाया है। डीसी सारंगल ने कहा कि वह इस मामले पर प्रमुखता से काम करेंगे। पंजाब सरकार और आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के माध्यम से भी इमाम नासिर दरगाह की डेवलपमेंट करवाने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि वह दरगाह पर खुद जाएंगे और देखेंगे। इस मौके पर सैयद अली, सिकंदर शेख भी मौजूद है। गौर है कि इस दरगाह पर तीन दिनों तक फरवरी माह में उर्स करवाया जाता है, जिसमें देश सहित विदेशों से भी श्रद्धालु पहुंचते थे। लेकिन ऐतिहासिक धरोहर की देखभाल न होने के चलते यह अपना अस्तित्व को रही है।

## डीसी सारंगल ने खून दान कर निभाया इंसानियत का फर्ज, बचाई बुजुर्ग महिला की जान



**सतपाल शर्मा (जालंधर) :** जिला जालंधर के डीसी विशेष सारंगल ने अपने दुर्लभ ब्लड ग्रुप बी-नेगेटिव का दान कर एक महिला की जान बचाई है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के घई अस्पताल में 85 वर्षीय महिला दाखिल है, जिसे इंटरनल ब्लीडिंग के चलते बी-नेगेटिव ब्लड चाहिए था। पेशेंट में महज 6 ग्राम खून रह गया था। उन्हें जल्दी ब्लड चढ़ाना बहुत जरुरी था। डॉक्टरों ने पूरे शहर में ब्लड ग्रुप बी-नेगेटिव की तलाश की लेकिन कहीं नहीं मिला। जब इस बात की जानकारी किसी तरह डीसी विशेष सारंगल तक पहुंची तो वह अस्पताल में महिला के लिए फरिश्ता बनकर आए और खूनदान कर उसकी जान बचाई।

अस्पताल स्टाफ के अनुसार यह ब्लड ग्रुप उत्तर भारत में बहुत ही कम पाया जाता है। पूरे शहर में काफी देर से उक्त ब्लड ग्रुप का यूनिट तलाशा गया लेकिन नहीं मिला। उन्होंने कहा कि करीब तीन महीने पहले हमने ब्लड कैंप लगाया था। जिसमें डीसी सारंगल ने भी खून दान किया था, जिनका ब्लड ग्रुप बी-नेगेटिव है। उस समय उन्होंने खुद कहा तरह कि अगर कभी किसी पेशेंट को बी-नेगेटिव ब्लड की जरूरत होगी तो वह जरूर डोनेट करेंगे। बस इसी बात को याद कर उन्होंने डीसी सारंगल के साथ इस बारे में बात की। जिसके बाद डीसी ब्लड देने पहुंचे और वहां से सीधे अपनी मीटिंग के लिए निकल गए।

## वोटर सूची की विशेष सरसरी सुधाई का संशोधित शड्यूल जारी

- दावे/आपत्तियों का निपटारा 12 जनवरी तक
- 22 जनवरी को होगी वोटर सूची की अंतिम प्रकाशना



**सतपाल शर्मा (जालंधर) :** भारतीय चुनाव आयोग ने पंजाब के लिए वोटर सूची की विशेष सरसरी सुधाई के लिए एक संशोधित शडयूल जारी किया है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी विशेष सारंगल ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर भारतीय चुनाव आयोग द्वारा जारी संशोधित शडयूल के अनुसार प्राप्त दावों/आपत्तियों का निपटारा 12 जनवरी 2024 तक किया जाएगा इसके बाद 22 जनवरी 2024 को वोटर सूची की अंतिम प्रकाशना की जाएगी। उन्होंने सभी चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारियों को संशोधित शडयूल के अनुसार 31 दिसंबर तक प्राप्त ऑनलाइन फार्म का निपटारा तथा 12 जनवरी 2024 तक डुप्लीकेट एंट्री से संबंधित जेनरेट फार्म का निपटारा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# जालंधर पुलिस ने गोराया से 6 नशा तस्कर काबू किए, भारी मात्रा में नशा बरामद



• **सतपाल शर्मा** . जालंधर

**जालंधर देहात** के गोराया की पुलिस पार्टी ने इलाके से अलग-अलग मामलों में 6 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने तलाशी के दौरान 300 ग्राम अफीम, 15 ग्राम हेरोइन और 904 नशीली गोलियों के साथ 01 एक्टिवा और 02 मोटरसाइकिल की बरामदगी की है।

**पहले मामले के** संबंध में जानकारी देते एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 26-12-2023 को गोराया पुलिस पार्टी ने पुल नहर सुआ धलेटा से 15 ग्राम हेरोइन सहित एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान पियारा पुत्र बंसा निवासी धलेटा गोराया बताई है। जिसके खिलाफ मुकदमा नंबर 189 भी 26-12-2023 बी/डब्ल्यू 21 (वी)-61-85 एनडीपीएस एक्ट अधीन थाना गोराया दर्ज कर जांच अमल में लाई गई।

**इसी प्रकार दूसरे मामले** मामले में एसआई हरजीत सिंह, थाना गुराया ने पुलिस पार्टी सहित धंडवाड़ पुली से आरोपी चरणदीप सिंह उर्फ चादा और बलराज सिंह उर्फ बाजू पुत्र स्वर्गीय नरिंदर सिंह वासियान धंडवाड़ को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनसे बिना नंबर मोटरसाइकिल और 704 नशीली गोलियों बरामद की। जिनपर पुलिस ने मुकदमा नंबर 190 दिनांक 26-12-2023 बी/डब्ल्यू 22 (सी)-61-85 एनडीपीएस एक्ट अधीन थाना गुरायां दर्ज कर प्रारंभिक जांच की।

**तीसरे मामले** में पुलिस पार्टी ने एसआई जगदीश राज के नेतृत्व में निरंकारी भवन अट्टा से रिसव बंगा पुत्र देस राज वासी खानपुर, थाना मुकुंदपुर जिला शहीद भगत सिंह नगर को मोटरसाइकिल सहित काबू किया। जिसके पास से 200 नशीली गोलियां बरामद की गईं। जिस पर मुकदमा क्रमांक 191 दिनांक 26-12-2023 क्रमांक 22(बी)-61-85 एनडीपीएस एक्ट गुराया दर्ज कर प्रारंभिक जांच की गई।

**इसी तरह चौथे मामले** में एएसआई मोहनलाल थाना गोराया की पुलिस पार्टी ने नजदीक नहर पुल्ली अट्टा से लखविंदर कौर उर्फ नीता पत्नी रणधीर सिंह निवासी कपूरथला को गिरफ्तार किया। जिसके पास से 200 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी महिला पर मुकदमा संख्या 192 दिनांक 26-12-2023 बी/डब्ल्यू 18 (वी)-61-85 एनडीपीएस एक्ट थाना गोराया दर्ज करके प्रारंभिक जांच की।

**इसी प्रकार पांचवें** मुकदमें में दिनांक 24-12-2023 को थाना गुरायां के एसआई गुरमीत राम चौकी प्रभारी रुड़का कलां की पुलिस पार्टी ने बड़ा पिंड रोड गुरायां से आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र सुच्चा सिंह निवासी ढींडसा, थाना गुरायां को उसकी मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने 100 ग्राम अफीम जब्त की। आरोपी के खिलाफ कांड संख्या 188 दिनांक 24-12-2023 ए/डी 18 (बी)-61-85 एनडीपीएस एक्ट थाना गोराया में दर्ज कर प्रारंभिक जांच की। उपरोक्त मामलों में गिरफ्तार दोषियों को माननीय जिला मजिस्ट्रेट साहिब फिल्लौर की अदालत में पेश किया गया, जहां आरोपियों का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। अब उनसे गंभीरता से पूछताछ कर पता लगाया जाएगा कि यह नशा कहां से लेकर आए थे और किसे बेचने जा रहे थे। अन्य ड्रग तस्करों के साथ उनके संबंधों की जांच की जा रही है।

## आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की रोकथाम के लिए चलाया सर्च अभियान



**सतपाल शर्मा (जालंधर) :** जिले में अवैध शराब की रोकथाम के लिए आबकारी विभाग की टीमों द्वारा चलाए गए सर्च अभियान के दौरान 25 तिरपाल और दो शेडों से बरामद लगभग 1,30,000 लीटर कच्ची शराब नष्ट की गई। इस संबंधी जानकारी देते हुए सहायक कमिश्नर (आबकारी) जालंधर वेस्ट नवजीत सिंह ने बताया कि आबकारी कमिश्नर पंजाब के निर्देशों पर अवैध शराब की रोकथाम के लिए शुरू किए तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें डिप्टी कमिश्नर (आबकारी) जालंधर जोन और पटियाला जोन के निर्देशों पर आज सतलुज के किनारे सर्च ऑपरेशन चलाया गया। उन्होंने बताया कि सहायक कमिश्नर (आबकारी) जालंधर वेस्ट, सहायक कमिश्नर (आबकारी) जालंधर ईस्ट, असिस्टेंट कमिश्नर (आबकारी) लुधियाना ईस्ट और वेस्ट के नेतृत्व में टीमों ने सतलुज के करीब 45 किलोमीटर इलाके में गांव वेहरा, भोडे, बुर्ज हसन, संगेवाल, बूटे दीया छन्ना और मीएवाल के साथ लगते इलाकों में तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि तलाशी टीम में हेमंत शर्मा आबकारी अधिकारी जालंधर वेस्ट, मंजीत सिंह, राम मूर्ति, हरजीत सिंह, बलदेव किशन, साहिल रंगा, एक्साइज इंस्पेक्टर जालंधर और हर्षपिंदर सिंह, हरजिंदर सिंह, बलकरण सिंह आबकारी इंस्पेक्टर लुधियान आबकारी पुलिस स्टाफ के साथ इस दौरान ऑपरेशन में 8 लोहे के ड्रम, 6 टीम पीपे और रबर ट्यूब में लगभग 250 लीटर अवैध शराब बरामद की गई और उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि अवैध शराब की कोई सीमा नहीं है और इसको पीने से आंखो की रोशनी और मौत भी हो सकती है, इसलिए अवैध शराब का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

# एपीजे जालंधर में एआई बेनिफिट्स एंड थ्रेट्स पर फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

• **सतपाल शर्मा** . जालंधर



**एपीजे कॉलेज ऑफ फाइन** आर्ट्स जालंधर में IQAC के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेनिफिट्स एंड थ्रेटस विषय पर फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें स्रोत वक्ता के रूप में पीजी डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश की अध्यक्ष डॉ सुनीत कौर एवं पीजी डिपार्टमेंट आफ कंप्यूटर साइंस की अध्यक्ष डॉ रूपाली सूद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेनिफिट्स एंड थ्रेटस विषय के पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये। प्राचार्य डॉ नीरजा ढींगरा ने फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के महत्त्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी टीचर्स किसी न किसी विषय में निष्णात है और वह अपने विचारों के आदान-प्रदान से अपने विषय के महत्त्व एवं जीवन में उसकी

प्रासंगिकता से सभी को रूबरू करवा सकते हैं, उन्होंने कहा की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे महत्वपूर्ण विषय पर फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सभी को एक नयी दिशा प्रदान कर सकता है और उन्हें इस तथ्य से अवगत करवा सकता है कि किस तरह हमारी दिनचर्या इससे प्रभावित रहती है और किस तरह हमें जागरूक रहकर इसका प्रयोग करना है ताकि इसकी गलत प्रयोग से हम किसी मुश्किल में न पड़े। डॉ रूपाली सूद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के फायदों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज की जिंदगी हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बिना सोच भी नहीं सकते चाहे वह बात हो गूगल मैप की, राइड हेलिंग,फेस डिटेक्शन एंड रिकग्निशन,टैक्स एडिटर एंड आटोकोरैक्ट,चैटबोक्स,इ-पेमेंट, डिजिटल अस्सिटेंट, सोशल मीडिया, गेमिंग ऑनलाइन एडस नेटवर्क, बैंकिंग एंड फाइनेंस, स्मार्ट होम डिवाइसेज, सिक्योरिटी एंड सर्विलेंस ,स्मार्ट कीबोर्ड एप,ई-कॉमर्स, या फिर म्यूजिक एंड मीडिया स्ट्रीमिंग सर्विसेज की, उन्होंने कहा की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है यहां तक की एस्ट्रोनॉमी वैज्ञानिक भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से शोध के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। मल्टीमीडिया विभाग से श्री अंकित गोयल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक पक्ष से एक वीडियो के माध्यम से टीचर्स को अवगत कराते हुए कर इस के माध्यम से हम अपनी जिंदगी में अद्भुत बदलाव ला सकते हैं। डॉ सुनीत कौर ने थ्रेड्स एंड चैलेंजिस इन यूजिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की ह्यूमन इंटेलिजेंस के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस काम कर सकती है ,आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल इमिटेशन कर सकती है ओरिजिनल इन्वेंट इसमें कुछ भी नहीं है, उन्होंने कहा कि मानव बुद्धि अपने अनुभव एवं गलतियों से भी सीखती है जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पास ऐसा कोई रास्ता नहीं है उन्होंने कहा कि एडमिशन इंटेलिजेंस की वजह से स्कूल एवं कॉलेज में पढ़ते हुए बच्चों की सृजनात्मकता पर भी असर पड़ रहा है स्कूल एवं कॉलेज पढ़ने वाले विद्यार्थी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से हर विषय को ढूंढ रहे हैं रचनात्मकता का इस्तेमाल वे नहीं कर रहे हैं उन्होंने यह भी कहा कि इसकी वजह से रोजगार में भी काफी कमी आ जाएगी। डॉ सुनीत ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कई अपराधों का आधार भी बन रही है और इससे रिलेटेड कोई भी लीगल रेगुलेशन अभी नहीं बने हैं जिस वजह से हमें सजग रहकर जिंदगी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग करना है। प्राचार्य डॉ नीरजा ढींगरा ने फैक्लटी डेवलपमेंट प्रोग्राम के सफल आयोजन के लिए डॉ अंजना कुमारी एवं डॉ पायलअरोड़ा के प्रयासों की भरपूर सराहना की।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सतपाल शर्मा द्वारा डी.बी. कार्प लिमिटेड, जे-7 नजदीक बस स्टैंड सुभानपुर (हमीरा) -144802 जिला कपूरथला (पंजाब) से मुद्रित करवाकर हाऊस नं. 146, अमर गार्डन निकट पठानकोट बाईपास जिला जालंधर 144004 (पंजाब) से प्रकाशित।
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN01975, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in part without permission is prohibited. All Disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.